आकाशवाणी शिमला

20.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि सहकारी क्षेत्र प्रदेश की आर्थिकी को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। आज सोलन में 72वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय समारोह को सम्बोधित करते हुए उन्होंने ये बात कही। शांडिल ने कहा कि सहकारी क्षेत्र प्रदेश की आर्थिकी को मजबूत बनाने के साथ–साथ युवाओं के लिए रोजगार व स्वरोजगार के अवसर भी प्रदान कर रहा है। उन्होंने सहकारी समितियों से जुड़े व्यक्तियों को ईमानदारी से कार्य करने का आग्रह किया।

विक्रमादित्य

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि प्रदेश सरकार विपरीत परिस्थितियों में भी केन्द्र सरकार की मदद के बगैर राज्य की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाकर चहुंमुखी विकास को बल दे रही है। वे आज सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण करने के बाद लगदेवी गांव में जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 44 करोड़ और नाबार्ड व विधायक प्राथमिकता के तहत 39 करोड़ रूपए की सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से समाज के हर वर्ग को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किश्त किसानों को मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 से शुरू की गई इस योजना के तहत देश के किसानों को सालाना 6 हजार रूपए सम्मान राशि दी जा रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के 8 लाख से ज्यादा किसानों को अब तक 3 हजार 6 सौ 16 करोड़ रूपए प्राप्त हो चुके हैं।

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने पूरे देश के अंदर किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी की है और निश्चित रूप से देव भूमि हिमाचल प्रदेश के लिए जहां लगभग 8 लाख के करीब जो हमारे किसान हैं बागवान है उसका लाभ मिलेगा और किसान सम्मान निधि की 21वीं जो किस्त जारी की है उसमें लगभग ₹160 करोड़ हिमाचल प्रदेश के हिस्से में भी आए हमारे अन्नदाताओं को एक बहुत बड़ी मदद आपके माध्यम से मिली है जिसके लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आभार व्यक्त करता हूं।*

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि शिमला जिला के जुब्बल उपमण्डल में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है ताकि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिल सके। वे आज खड़ापत्थर में रोगी कल्याण समिति जुब्बल के सदस्यों के साथ बैठक कर नागरिक

चिकित्साल्य जुब्बल में चल रही गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। शिक्षा मंत्री ने इस दौरान अस्पताल के अधिकारियों व कर्मचारियों को रोगी कल्याण समिति द्वारा अर्जित धनराशि को विवेकपूर्ण ढंग से उपयोग करने के निर्देश दिए।

## मस्जिद

शिमला के संजौली में अवैध मस्जिद मामले को लेकर पिछले दो दिन से अनशन पर बैठे देवभूमि संघर्ष समिति के सदस्यों ने कल संजौली में प्रदर्शन करने का एलान किया है। समिति के सहसंयोजक विजय शर्मा ने बताया कि पिछले शुक्रवार को अवैध मस्जिद में नमाज पढ़ने से मुस्लिम समुदाय के लोगों को रोकने पर समिति के कार्यकर्ताओं पर पुलिस द्वारा मामले दर्ज किए गए हैं। उन्होंने कहा कि समिति इस एफ.आई.आर. को रद्द करने की मांग कर रही है। विजय शर्मा ने कहा कि समिति के सदस्यों के आमरण अनशन को दो दिन बीत गए हैं लेकिन प्रशासन की तरफ से कोई कदम नहीं उठाया गया है।

## हादसा

उना जिला के हरोली उप मण्डल के टाहलीवाल गांव में कल देर रात एक कार के ट्रक से टकराने पर लुधियाना की एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार वाहन में सवार लोग मैहतपुर से टाहलीवाल जा रहे थे। हरोली उप मण्डल के धुग्गे गांव के रहने वाले ट्रक चालक जतिंदर सिंह के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

## हादसा–मण्डी

उधर पंडोह बांध से अचानक पानी छोड़े जाने के कारण कल रात फोरलेन निर्माण कार्य में लगा एक मशीन ऑपरेटर ब्यास नदी के तेज बहाव में बह गया है। जानकारी के अनुसार ये मशीन ऑपरेटर मण्डी पठानकोट फोरलेन निर्माण में कार्यरत कम्पनी की एक पाइलिंग मशीन के साथ नदी में काम कर रहा था।

————————————